# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

**(Eighth Session)**

**Questions For Written Answers**

## Thursday , the 9th April, 2015/19th Chaitra, 1937 (Saka)

----

**[Chief Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Industries Minister - Excise & Taxation Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].**

**Total No. of Questions - 27**

----

### Filling up of Vacant Posts

**903 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state:-

(a) how many posts of ADO & AEO are there in the State and out of these how many are lying vacant and since when (details be given district-wise, block -wise); and

(b) what steps are being taken to fill-up these posts ?

----

### Filling up of Vacant Posts

**904 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state:-

(a) how many posts of different categories have been created in Employment Exchanges at Sundla and Dalhousie;

(b) how many posts are lying vacant and since when; and

(c) what steps is the Department taking to fill-up all these posts ?

----

## आयुर्वैदिक अस्पताल में रिक्तियां

905 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चम्बा जिला में कितने आयुर्वैदिक अस्पताल हैं; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वैदिक अस्पतालों में डॉक्टर व अन्य स्टाफ की कितनी-कितनी रिक्तियां हैं; ब्यौरा दें ?

----

## अनुबन्ध पर भर्ती

906 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में किस-किस विभाग में कर्मचारियों को अनुबन्ध पर रखा गया या नियमित किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) हाल ही में शिक्षा विभाग में जिन अध्यापकों को पी० टी० ए० से अनुबन्ध पर रखा गया; क्या उसमें Roster प्रणाली लागू की गई; ब्यौरा दें ?

----

## कर्मचारियों का स्थानान्तरण

907 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्रशासनिक व अन्य कर्मचारियों के तबादले किए गए; ब्यौरा पदवार दें; और

ख) वर्तमान में तहसीलदार व खण्ड विकास अधिकारी के कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## बद्दी थाना के अन्तर्गत पंचायतें

908 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार जिला सोलन की साई व सौडी पंचायतों को इनकी भौगोलिक दृष्टि के अनुसार Police Station बद्दी के अधीन लाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## सड़कों का निर्माण

909 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में लोक निर्माण मण्डल शिलाई में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत किन-किन सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा बजट सहित दें; और

(ख) इन सड़कों का कार्य किस-किस ठेकेदार को दिया गया है ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

910 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में लोक निर्माण मण्डल शिलाई व संगड़ाह के अन्तर्गत किन-किन सड़कों की DPRs लम्बित हैं; ब्यौरा लम्बित रहने के कारण सहित दें ?

----

## पाद पुल का निर्माण

911 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता योजना व लाडा (LADA) के अन्तर्गत रणा खड्ड पर पैदल चलने योग्य पुल की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## विद्युत परियोजना

912 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन द्वारा ब्यास नदी में थाना-पलोन नामक स्थान पर बनने वाली जल-विद्युत परियोजना का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो यह परियोजना कितने मैगावाट की होगी और क्या इसकी DPR बन कर तैयार हो गई है; और

(ग) इस परियोजना को किस एजैंसी द्वारा वित्त पोषित (Funding) किया जा रहा है; ब्यौरा दें ?

----

## सांडापतन पुल की अद्यतन स्थिति

913 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ब्यास नदी पर बनने वाले सांडापतन पुल की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Baglehar-Rajwati-Malehni Road

914 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that DPR for C/o Baglehar-Rajwati-Malehni road has been approved under PMGSY (Phase-II); and

(b) if so, why the construction work has not been started; detail with reasons be given ?

----

## Police Chowki Joghon

915 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state:-

(a) whether the Government proposes to upgrade police chowki Joghon as Police Station;

(b) whether the Government proposes to open new police chowki at Swarghat (Kunnplate) Tehsil Nalagarh;

(c) if yes, by when; and

(d) if not, reasons thereof ?

----

## धरोहर गांव

916 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने (Heritage Village) धरोहर गांव हैं और इसकी परिभाषा क्या है; सूचना सभा पटल पर रखें;

(ख) इनकी देख-रेख के लिए सरकार की क्या कार्य योजना है; और

(ग) कुल्लू जिला का नग्गर क्या धरोहर गांव है; यदि हां, तो सरकार ने इस गांव के रख-रखाव हेतु क्या पग उठाए हैं?

----

## नीति दस्तावेज

917 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र को नीति दस्तावेज स्वीकार किया है; और

(ख) यदि हां, तो चुनाव घोषणा पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें और घोषणा पत्र के किन-किन वायदों को सरकार ने अभी तक पूरा किया है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

918 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या हैः-

(1) राम बाग चौक से हिडिम्बा मन्दिर होते हुए ढुंगरी गांव तक;

(2) राँघडी से सिमसा से कन्याल गाँव तक;

(3) शामीनाला से शुरू गाँव तक;

(4) क्लब हाउस से पलचान तक;

(5 ) रूआड से पलचान लिंक रोड़;

(6) कोठी से कोठी गांव तक;

(7) वशिष्ट चौक से वशिष्ट गांव तक;

(8) Ibex चौक से मनाली बाइपास Left Bank पुल तक BM करने बारे ;

(9) लोरन, खलाड़ा, सरली सड़क;

(10) भेखली, धरमोट, सारी सड़क;

(11) वेंची, मंझलीहार सड़क;

(12) नग्गर, जाणा, बिजली महादेव सड़क;

(13) फोजल, धारा, शलींगया सड़क;

(14) रायसन ब्यास नदी पर प्रस्तावित पुल बारे;

(15) 17 मील ब्यास नदी पर प्रस्तावित पुल बारे;

(16) नेहरू कुण्ड ब्यास नदी पर प्रस्तावित पुल बारे;

(17) सोलंग गांव के लिये सड़क एवं पुल बारे;

(18) छियाल, गधेरनी, पारशा, शलीण सड़क;

(19) पतलीकुहल, शिला हलाण सड़क;

(20) शिला हलाण से दयाणी सड़क;

(21) नेरी, कुकड़ी, काथी सड़क;

(22) कराल हिम्बरी सड़क;

(23) बवेली, जिन्दौड़ सड़क;

(24) वस्तोरी, नथान सड़क; और

(25) नग्गर, चचोगी, शोच, रूमसु सड़क ?

----

## दो सभाओं की सदस्यता

919 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में कितने लोगों ने सहकारी सभा अम्बुजा सीमेंट फैक्टरी दाड़लाघाट और जे0 पी0 सीमेंट फैक्टरी बागा में सदस्यता ग्रहण की है;

(ख) नियमानुसार एक आदमी दो सभाओं की सदस्यता लेकर क्या वाहन दोनों कम्पनियों में लगाने का प्रावधान है; और

(ग) यदि हां, तो नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## टैनिस कोर्ट नाभा

920 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में टैनिस कोर्ट नाभा की मरम्मत हेतु धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार टैनिस कोर्ट की टूटी हुई जाली की मरम्मत करने का विचार रखती है ?

----

## रिक्तियां

921 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला व इससे सम्बद्ध कॉलेजों में प्रोफैसर, सह-प्रोफैसर और सहायक प्रोफैसर के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा विषयवार दें ?

----

## 11 के0 वी0 सब-स्टेशन

922 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.01.2013 से 15.02.2015 तक जिला चम्बा में कितने 11 KV के सब-स्टेशन लगाने प्रस्तावित हैं; इनमें से कितनों का कार्य पूर्ण हो चुका है; कितने शेष हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें ?

----

## गांवों को सड़कों से जोड़ना

923 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात) :**
**श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला चम्बा के अन्तर्गत 1000, 500 और 200 की आबादी वाले कितने गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है और कितने शेष हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार 2011 की जनगणना के अनुरूप PMGSY का कोर नेट बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## पदपूर्ति

924 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
वर्तमान में जिला शिमला के अन्तर्गत कृषि विभाग में कृषि विकास अधिकारी और SMS (Subject Matter Specialist) व AEO के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं और इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## पशु औषधालयों में रिक्तियां

925 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला शिमला के अन्तर्गत विभिन्न पशु औषधालयों में चिकित्सकों तथा अन्य श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा पशु औषधालयवार दें; और

(ख) इनमें से कितने पद किस-किस औषधालय में रिक्त हैं व सरकार रिक्त पदों की पूर्ति कब तक करने का विचार रखती है ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

926 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्यांज से कासन, जाच्छ से लोट, कोट से देवीदड, बाढू से शिलणू, गोहर से काण्डा, चाम्बी से कागर, स्यांज से वाडा, मोवीसेरी से दलीकर सड़कों की सैकिंड फेज़ की DPRs की प्रक्रिया कब प्रारम्भ की गई; ब्यौरा सड़क व वर्षवार दें; और

(ख) इन सड़कों की स्वीकृति किस वर्ष हुई तथा दिनांक 15 फरवरी, 2015 तक इनका कितना-कितना कार्य पूर्ण हुआ; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क निर्माण

927 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कें हैं; किस-किस विभाग द्वारा कब-कब बनाई गई; ब्यौरा सड़क के नाम सहित दें ?

----

## पदपूर्ति

928 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में Non-Teaching Staff के कितने पद स्वीकृत हैं और इनमें से कितने खाली है; ब्यौरा विद्यालयवार दें; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## Vacant Posts

929 **Shri Suresh Kumar (Pachhad):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that how many posts of surveyor are vacant in PWD in Pachhad Assembly Constituency; Division- wise details be given ?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 24th March, 2015.** **Secretary.**